आईआईएम में व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

रांची। वरीय संवाददाता

आईआईएम के व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम की रविवार को सीएमपीडीआई के मयूरी प्रेक्षागृह में शुरुआत हुई। इस मौके पर संस्थान द्वारा पीजीडीएम और पीजीडीएचआरएम छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कोर्स के बारे में जानकारी दी गई। इससे जुड़े रोजगार के बारे में भी बताया गया।

मुख्य वक्ता में आर्मी एयर डिफेंस कॉलेज के पूर्व मेजर जेनरल पीके सेहगल, सीएमपीडीआई के सीएमडी शेखर शरण और संस्थान के निदेशक शैलेंद्र सिंह शिक्षा व सामाजिक सरोकार के बारे में बताया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

शुरुआत

- पीजीडीएम और पीजीडीएचआरएम के विद्यार्थियों का स्वागत किया
- कोर्स के बारे में जानकारी दी गई और नौकरी के बारे में बताया गया

निदेशक शैलेंद्र सिंह ने व्यावसायिक कोर्स पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह छात्रों के लिए काफी लाभप्रद होगा। इससे रोजगार के कई द्वार खुलेंगे। साथ ही पीजीडीएचआरएम व पीजीडीएम को भी रोजगार के लिए बेहतर कोर्स बताया। छात्रों ने कई सवाल किए, जिसका सभी वक्ताओं ने संतोषजनक जवाब दिया।



मयूरी प्रेक्षागृह में रविवार को आईआईएम के कार्यक्रम में अतिथिगण। • हिन्दुस्तान

Hindustan, 18.06.2018, Pg. 18